दिन– गुरुवार | दिनांक– 04 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में किए गए सुधारों की सराहना की। कहा – सरकार के इस फैसले से समाज के हर वर्ग को लाभ होगा।

02. जीएसटी परिषद द्वारा स्वीकृत नई दरें बाईस सितम्बर से लागू होंगी। दैनिक उपयोग की वस्तुएँ होंगी सस्ती।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां को लेकर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में एनडीए के बिहार बंद का आज व्यापक असर देखने को मिला।

04. और, राजगीर में खेली जा रही एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता के सुपर फोर स्टेज में भारत और मलेशिया के बीच मैच जारी।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में किए गए सुधारों की सराहना की है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि सरकार के इस फैसले से समाज के हर वर्ग को लाभ होगा।

———बाईट———

————————————————————————

जीएसटी परिषद द्वारा घोषित नई दरें बाईस सितम्बर से लागू होंगी। परिषद ने कल अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों के तहत अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। अब केवल दो स्लैब दर पांच और अठारह प्रतिशत ही होंगे। पहले पांच प्रतिशत, बारह प्रतिशत, अठारह प्रतिशत और अट्ठाईस प्रतिशत की चार स्लैब दरें थीं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि इससे दैनिक उपयोग की अधिकांश वस्तुएँ और सेवाएँ सस्ती हो जायेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न वस्तुओं पर जीएसटी परिषद की दरों में कटौती का उद्देश्य सभी नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी।

———बाईट———

जीएसटी में सबसे बड़ी कर कटौती खाद्य पदार्थों, दावाओं, आवश्यक वस्तुओं कृषि उत्पादों हरित ऊर्जा के साथ–साथ छोटी कारों और बाइक पर की गई है। वहीं, व्यक्तिगत जीवन स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीयों पर जीएसटी की दर 18ः से घटाकर शून्य कर दी गई है इस कदम से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी आम आदमी के लिए सस्ती हो जाएगी और देश में बीमा कवरेज बढ़ेगा। कैंसर और दुर्बल बीमारियों के उपचार सहित 36 जीवन रक्षक दावाओं पर भी जीएसटी शून्य कर दिया गया है इसके अलावा थर्मामीटर और ग्लूकोमीटर सहित नियमित उपयोग की जाने वाले चिकित्सा वस्तुओं पर जीएसटी की दर 12ः से घटाकर 5ः कर दी गई है। स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी छूट और

जीवन रक्षक दावों पर जीएसटी की दर में कटौती स्वस्थ भारत समृद्ध भारत बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

—————————————————————————————

केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जीएसटी सुधारों को ऐतिहासिक बताया है। आज राजगीर में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस फैसले से दैनिक जीवन के उपयोग की वस्तुएं सस्ती हो जायेंगी।

———बाईट———

—————————————————————————————

केन्द्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से उनके मंत्रालय से जुड़ी योजनाओं को काफी लाभ होगा।

———बाईट———

—————————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

———बाईट———

—————————————————————————————

जीएसटी मंत्री समूह के अध्यक्ष और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में भी इन सुधारों का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

———बाईट———

—————————————————————————————

उद्योग निकायों ने जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे व्यापार सुगमता बढ़ेगी और परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी ने कहा कि यह फैसला ऐतिहासिक है। संस्था के उपाध्यक्ष आशीष शंकर ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने में यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा।

———बाईट———

—————————————————————————————

जीएसटी सुधारों को लेकर आम नागरिकों और व्यापारियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, एनडीए के बिहार बंद का आज व्यापक असर देखने को मिला। एनडीए ने दरभंगा में कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माँ पर की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में यह बंद बुलाया था। बंद में भाजपा के साथ–साथ जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी– रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता भी शामिल थे। इस दौरान, एनडीए के घटक दलों के विधायक, सांसद, जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता महागठबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। पटना में भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और राजद से मांफी की मांग की।

———बाईट———

जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि बंद के दौरान एनडीए के घटक दलों की महिला मोर्चे की सदस्य अधिक सक्रिय देखी गयीं। महिला शाखाओं ने कई स्थानों पर धरना और विरोध प्रदर्शन किया। कुछ जगहों पर बंद समर्थकों ने वाहनों की आवाजाही रोक दी, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। कई जिलों में राष्ट्रीय उच्च पथों पर भी कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हुआ।

———————————————————————

राजद और कांग्रेस समेत महागठबंधन के सभी दलों ने भाजपा के बिहार बंद को पूरी तरह विफल बताया है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बंद समर्थकों ने जबरन आम लोगों को तकलीफ पहुंचाया है।

———बाईट———

———————————————————————

इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने आज पटना में कांग्रेस, राजद, वीआईपी और वाम दलों के नेताओं के साथ मुलाकात की। संवाददाताओं से बातचीत में श्री रेड्डी ने कहा कि वे किसी राजनीतिक दल से जुड़े व्यक्ति नहीं हैं। वे सभी दलों से समर्थन की अपील करते हैं।

———————————————————————

राजगीर में खेली जा रही एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता के सुपर फोर स्टेज में भारत का मुकाबला मलेशिया से हो रहा है। कल खेले गये सुपर फोर मुकाबले में भारत और कोरिया के बीच मैच दो–दो की बराबरी पर समाप्त हो गया था। इधर, सुपर फोर स्टेज के एक मुकाबले में चीन ने कोरिया ने तीन–शून्य से पराजित कर दिया है। वहीं, पांचवें से आठवें स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में बांग्लादेश ने कजाकिस्तान को पांच–एक से पराजित किया।

————————————————————————————

भूटान के प्रधानमंत्री दशो शेरिंग टोबगे ने आज राजगीर में नव निर्मित रॉयल भूटान बौद्ध मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे। भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मंदिर भारत–भूटान के बीच शाश्वत शांति और मित्रता का जीवंत प्रतीक है। इस अवसर पर श्री रिजिजू ने कहा कि इस मंदिर के उद्घाटन से भारत और भूटान के बीच आध्यात्मिक संबंध और गहरे होंगे।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सारण में आयोजित एक कार्यक्रम में आठ सौ अठहत्तर करोड़ रूपये से अधिक लागत की विभिन्न विभागों की सात परियोजनाओं का शिलान्यास और कार्यारंभ किया है। इन योजनाओं की घोषणा मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में की थी।

————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने तृतीय चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा परिणाम में पन्द्रह विषयों में कुल पन्द्रह हजार दो सौ बीस अभ्यर्थी सफल हुये हैं। आयोग ने नौवीं और दसवीं कक्षा के लिए सोलह हजार नौ सौ सत्तर पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में किए गए सुधारों की सराहना की। कहा – सरकार के इस फैसले से समाज के हर वर्ग को लाभ होगा।

02. जीएसटी परिषद द्वारा स्वीकृत नई दरें बाईस सितम्बर से लागू होंगी। दैनिक उपयोग की वस्तुएँ होंगी सस्ती।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां को लेकर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में एनडीए के बिहार बंद का आज व्यापक असर देखने को मिला।

04. और, राजगीर में खेली जा रही एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता के सुपर फोर स्टेज में भारत और मलेशिया के बीच मैच जारी।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।